मंगलवार
30 जनवरी 2024

# केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण
आपकी आवाज



लाठी डंडे से पीटकर भाई की हत्या 2



# लालू यादव की मुश्किलें बढ़ी, ईडी ने घेरा

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार की सत्ता से बेदखल होने के अगले ही दिन राजद सुप्रीमो लालू यादव की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। नौकरी के बदले जमीन मामले में ईडी की टीम पटना पहुंच गई है। और लालू यादव से आज पूछताछ करेगी। ये पूछताछ ईडी के पटना ऑफिस में होगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार लालू यादव के प्रवर्तन निदेशालय के पटना दफ्तर पहुंचे। इससे पहले ईडी ने नौकरी के बदले जमीन मामले में पूछताछ के लिए 29 जनवरी को लालू यादव और 30 जनवरी को तेजस्वी यादव से पूछताछ के लिए समन भेजा था। इस मामले में एक और चार्जशीट भी दायर हो चुकी है। जिसपर दिल्ली स्थित राउज एवेन्यू कोर्ट ने 27 जनवरी को सुनवाई करते हुए। 9 फरवरी को अगली सुनवाई तय की है। जिसमें राबड़ी देवी और मीसा यादव समेत उन तमाम आरोपियों को कोर्ट में पेश होना है जिनके खिलाफ जांच एजेंसी ईडी के द्वारा चार्जशीट दाखिल की गई थी।

**हेमंत सोरेन के दिल्ली स्थित आवास पर पहुंची ईडी की टीम,**

वहीं दूसरी ओर ईडी की तरफ से हेमंत सोरेन को अबतक नौ समन जारी किए गए हैं। आठवें समन में उनसे 6 जनवरी से 20 जनवरी तक पूछताछ के लिए पेश होने को कहा था। इस पर हेमंत सोरेन ने 20 जनवरी को ईडी को उनके आवास पर पूछताछ के लिए आने को कहा था। ईडी के समन के खिलाफ सीएम हेमंत सोरेन सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर चुके हैं, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने हेमंत सोरेन की याचिका खारिज कर दी थी। वहीं नौवें समन में हेमंत सोरेन को 27 जनवरी से 31 जनवरी तक ईडी के सामने पेश होने के लिए कहा गया है। इससे पहले




ईडी ने शनिवार को हेमंत सोरेन के आवास पर उनसे करीब सात घंटे तक पूछताछ की थी।

**क्या है मामला**

झारखंड की राजधानी रांची में बजरा इलाके में 7.16 एकड़ जमीन से जुड़े कथित भूमि घोटाले में हेमंत सोरेन से पूछताछ होनी है। इस मामले में अब तक 14 लोग गिरफ्तार हो चुके हैं। गिरफ्तार हाई प्रोफाइल लोगों में 2011 बैच के आईएएस अधिकारी छवि रंजन, भानु प्रताप प्रसाद, व्यवसायी अमित अग्रवाल और बिष्णु अग्रवाल शामिल हैं।

## मीसा बोली... पिता उठ-बैठ भी नहीं पाते, किया जा रहा है परेशान



**केटी न्यूज/पटना**

लैंड फॉर जॉब्स केस में लालू यादव से ईडी पूछताछ कर रही है। वहीं लालू अपनी बेटी मीसा भारती के साथ पटना ईडी ऑफिस पहुंच चुके हैं। ईडी ऑफिस के बाहर उनके समर्थक खड़े हैं। पटना ईडी ऑफिस में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। मीसा भारती कार में बैठी हुई हैं। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि सब कुछ देश के सामने है और देश की जनता सब देख रही है। पिता उठ-बैठ भी नहीं पाते। उन्हें परेशान किया जा रहा है। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि देश की जनता जानती है कि ये भ्रष्टाचारी लोग हैं। भ्रष्टाचार इनके लिए गहना है। मैं तेजस्वी यादव से आग्रह करना चाहता हूं कि वे बिहार के युवाओं को ये तंत्र बता दें कि डेढ़ साल के अंदर करोड़पति कैसे बनते हैं। राजद नेता रणविजय साहू ने कहा कि पूरे देश के तमाम ऐसे नेता जो सामाजिक न्याय के योद्धा और मसीहा हैं, उन्हें परेशान करने का काम किया जा रहा है।

## पीएम नरेंद्र मोदी छात्रों से परीक्षा पर किया चर्चा



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परीक्षा को लेकर छात्रों से चर्चा किया। यह चर्चा नई दिल्ली स्थित प्रगति मैदान में हुई। हर साल बोर्ड एग्जाम से पहले छात्रों का हौंसला बढ़ाने के लिए यह आयोजन किया जाता है। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्री मोदी बोर्ड परीक्षा 2024 से पहले देशभर के 10वीं और 12वीं क्लास के स्टूडेंट्स के तनाव को कम करने के लिए परीक्षा पे चर्चा कर रहे हैं। इस कार्यक्रम में पीएम मोदी स्टूडेंस्ट, टीचर्स और पेरेंट्स के साथ बोर्ड परीक्षा से पहले होने वाले तनाम और डर को कम करने के लिए 7वीं बार परीक्षा पे करने जा रहे हैं। मोदी ने कहा कि हमारे यहां शास्त्रों में कहा गया है कि किसी भी चीज की अति बुरी है। मां ने बहुत बढ़िया खाना बनाया है, स्वाद आपकी पसंद का है, समय भी खाने का है लेकिन, बस खाते जा रहे हैं, मां परोसती जा रही हैं, क्या यह संभव है। कभी ना कभी तो सब कहते हैं कि मां अब पेट भर गया। ऐसे में एक स्टेज आ जाती है कि वो खाना भी आपको तकलीफ देगा, कितना भी प्रिय खाना आपको छोड़ना पड़ेगा। बहुत कम मेरे हाथ में मोबाइल फोन होता है, मुझे मालूम है कि यह मेरे लिए आवश्यक साधन भी है। जो मां-बाप खुद भी दिनभर मोबाइल में रहते होंगे वो भी चाहते होंगे के मेरा बेटा इससे बचे।अगर 100 मिलियन चुनौतियां हैं तो बिलियन समाधान भी हैं। मुझे कभी नहीं लगता कि मैं अकेला हूं, मुझे हमेशा पता होता है कि मेरा देश मेरे साथ है, हर हम चुनौती को पार कर जाएंगे। मैं अपनी शक्ति देश का सामर्थय बढ़ाने में लगाता हूं. अब हिंदुस्तान की हर सरकार को गरीबी के संकट से जूझना पड़ा है. मैं डर के नहीं बैठा, मैंने उसका रास्ता खोजा, सरकार होती कौन है जो गरीबी हटाएगी, यह तब होगा जब गरीब होगा कि उसे यह मिटाना है। अगर मैं रोजमर्रा की परेशानी से उसे मुक्ति दिला दूं तो वो भी सोचेगा कि मुझे भी कुछ करना है। मेरे कार्यक्रल में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं। हम देश के संसाधनों पर भरोसा करें। जब हम यह चीज देखते हैं तो अकेला महसूस नहीं करते। मुझे पूरा भरोसा होना चाहिए। आप जिनके लिए कर रहे हैं उनपर आपका अपार भरोसा हो। गलती भी हो जाए तो यह मानकर चलता हूं कि यह मेरे लिए एक लेसन है।

**कोरोना मैं क्यों बजवाई थाली, पीएम मोदी ने बताया**

कोराना काल में मैंने देशवासियों से ताली थाली बजाने को कहा, यह कोरोना को खत्म नहीं करता लेकिन एक सामूहिक शक्ति को जन्म देता है। पहले खेल के मैदान में हमारे लोग जाते थे। कभी कोई जीतकर आता है तो कई जीतकर नहीं आता। पहले कोई नहीं पूछता था, लेकिन मैंने कहा कि मैं इसके ढोल पीटूंगा। जिसका जिसके पास सामर्थय है, उसका सही उपयोग करना चाहिए। अच्छी सरकार चलाते के लिए इन समस्याओं के समाधान के लिए भी आपको नीचे से ऊपर की तरफ सही जानकारी और गाइडेंस आना चाहिए। अगर यह सही रहा तो आप चीजों को संभाल सकते हैं।

## आरएसएस-बीजेपी की विचारधारा ने फैलाई हिंसा और नफरत : राहुल



**केटी न्यूज/किशनगंज**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा ने सोमवार को किशनगंज के रास्ते बिहार में प्रवेश किया। कांग्रेस की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं ने बिहार में राहुल गांधी का स्वागत किया। यह 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव प्रचार अभियान के बाद गांधी की पहली बिहार यात्रा है। राहुल गांधी ने इस दौरान किशनगंज में एक सार्वजनिक सभा को संबोधित किया। भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान जनता को संबोधित करते हुए कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि देश में आरएसएस और भाजपा की विचारधारा ने हिंसा और नफरत फैला रखी है। भाई-भाई से लड़ रहा है, एक धर्म का व्यक्ति दूसरे धर्म के व्यक्ति से लड़ रहा है, भाषाओं के बीच लड़ाई हो रही है। हम जानते थे कि ये मोहब्बत का देश है। नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खुलनी चाहिए। किशनगंज में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान जनता को संबोधित करते हुए कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि हिंदुस्तान की राजनीति पर यात्रा का बहुत बड़ा असर पड़ा। एक विचारधारा जो भाजपा देश के सामने रोज रखती है।

## राज्यसभा की 6 सीटों पर चुनाव की तारीख घोषित

**दिल्ली।** चुनाव आयोग ने बिहार से राज्यसभा की 6 सीटों पर चुनाव के लिए तारीख का एलान कर दिया है. विधान सभा कोटे से राज्यसभा की इन सीटों को भरा जायेगा। यानि विधायकों के वोट से 6 राज्यसभा सांसदों का चुनाव होगा। चुनाव आयोग के पत्र के मुताबिक राज्यसभा की 8 फरवरी को नोटिफिकेशन जारी होगा। यानि 8 फरवरी से नामांकन शुरू हो जायेगा। राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन करने की अंतिम तारीख 15 फरवरी होगी। वहीं नामांकन पत्र की जांच 16 फरवरी को होगी। नामांकन वापस लेने की 20 फरवरी रखी गयी है। जरूरत पड़े पर 27 फरवरी को मतदान होगा और उसी दिन वोटों की गिनती होगी। इसके लिए तैयारियां की जा रही है। विदित हो कि राजद के दो, जेडीयू के दो, बीजेपी के एक और कांग्रेस के एक सांसद का कार्यकाल पूरा हो रहा है।

## मुरेठा ही नहीं उतारेंगे बल्कि सिर भी मुंडवायेंगे : सम्राट चौधरी

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार में चल रहे बड़े सियासी फेरबदल के बीच बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी का मुरेठा यानि पगड़ी की सबसे ज्यादा चर्चा हुई। दरअसल, सम्राट चौधरी ने कसम खा रखी थी कि नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री की कुर्सी से हटाने के बाद ही वे अपने सिर से मुरेठा उतारेंगे। सम्राट चौधरी ने आज अपने मुरेठा वाली कसम को याद कर दूसरा बड़ा एलान कर दिया। वे सिर्फ मुरेठा ही नहीं उतारेंगे बल्कि अपना मुंडन भी करवा लेंगे।

**मां के लिए पहना, मां के लिए उतारूंगा**

सम्राट चौधरी ने भाजपा ऑफिस में प्रेस कांफ्रेंस किया था। पत्रकारों ने फिर सवाल पूछा-आपके मुरेठा का क्यो होगा। सम्राट चौधरी ने कहा-मैं भावुक होकर इस मुरेठा की कहानी सुना रहा हूं। मेरी मां का जब निधन हुआ था तो मैंने मुरेठा बांधा था. लेकिन, उसी दौरान पार्टी ने मुझे विधान परिषद में विपक्ष का नेता बना दिया था। तब मैंने कसम खायी थी कि मुरेठा कब उतारूंगा। लेकिन मेरी पार्टी यानि भाजपा मेरी दूसरी मां है। अपनी दूसरी मां के सम्मान के लिए मैं कुछ भी करने को तैयार हूं।

**प्रभु श्रीराम के चरणों में समर्पित करेंगे**

सम्राट चौधरी ने कहा कि जब भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व ने निर्णय लिया कि हमें नीतीश कुमार के साथ जाना है तो मेरे लिए बहुत भावुक पल था। मैंने उसी समय कहा-मैं अयोध्या जा रहा हूं। मैंने पार्टी नेतृत्व को कह दिया कि मैं वहीं अपना मुरेठा उतारूंगा और अपना



सिर मुंडवा कर प्रभु श्री राम के चरणों में समर्पित कर दूंगा। सम्राट चौधरी ने कहा कि मैं भाजपा का सिपाही हूं। पार्टी के सम्मान में मुझे कुछ भी करना पड़े उसके लिए मैं तैयार हूं। व्यक्तिगत हित बड़ा नहीं हो सकता। व्यक्तिगत फैसले को रद्द किया जा सकता है। लेकिन पार्टी और समाज उससे बड़ा है। पार्टी के फैसले और बिहार के हित को देखते हुए मैं प्रभु श्री राम के चरणों में अपना मुरेठा और सिर का बाल मुंडवा कर समर्पित करूंगा।

## वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन के साथ पूर्ण हुआ अनुष्ठान

**केटी न्यूज/गोरखपुर**

गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने सोमवार सुबह रुद्राभिषेक एवं अनुष्ठान पूर्ण कर देवाधिदेव भगवान भोलेनाथ से लोकमंगल एवं जगत के कल्याण की प्रार्थना की। ऐसी मान्यता है कि कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को रुद्राभिषेक करने से भगवान शिवशंकर अत्यंत प्रसन्न होते हैं। और ऐसा करने वालों की सभी मनोकामना पूरी करते हैं भोलेनाथ। मठ के प्रथम तल पर स्थित शक्ति मंदिर में सीएम योगी ने देवाधिदेव महादेव को विल्व पत्र, कमल पुष्प आदि अर्पित करने कर बाद रुद्राभिषेक किया। मठ के विद्वत पुरोहितगण ने शुक्ल यजुर्वेद संहिता के रुद्राष्टाध्यायी के महामंत्रों द्वारा रुद्राभिषेक का अनुष्ठान पूर्ण कराया। रुद्राभिषेक के बाद उन्होंने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन व आरती की। विधि विधान से पूर्ण हुए अनुष्ठान के उपरांत उन्होंने प्रदेशवासियों के आरोग्यमय, सुखमय, समृद्धमय व शांतिमय जीवन की मंगलकामना की। मुख्यमंत्री ने की गोसेवा, खिलाया गुड़-रोटी रुद्राभिषेक का अनुष्ठान पूर्ण करने के बाद मुख्यमंत्री योगी



आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर की गौशाला में गोसेवा की। उन्होंने गोवंश का हाल जाना और उन्हें अपने हाथों से गुड़-रोटी खिलाया। गोशाला का भ्रमण कर सीएम योगी ने श्यामा, गौरी, गंगा, भोला आदि नामों से गोवंश को पुकारा।

## यूपी में धान खरीद से सात लाख से अधिक किसान हुए लाभान्वित

**केटी न्यूज/लखनऊ**

उत्तर प्रदेश में किसानों से धान खरीद जारी है। सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर निरंतर यह खरीद जारी है। विगत दिनों सीएम ने निर्देश दिया था कि जब तक एक भी किसान का धान शेष रहेगा, क्रय प्रक्रिया जारी रहेगी। क्रय क्रेंद्रों पर उन्हें परेशानी न हो, मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप इस पर भी विशेष नजर है। साथ ही किसानों को समय से भुगतान भी किया जा रहा है। अब तक सात लाख 37 हजार से अधिक किसानों से धान की खरीद हो चुकी है और इन्हें 10145 करोड़ से अधिक का भुगतान किया जा चुका है। सामान्य धान का समर्थन मूल्य 2183 रुपये व ग्रेड ए का समर्थन मूल्य 2203 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है। योगी सरकार के निर्देश पर धान खरीद निरंतर जारी है। अब तक 5160 से अधिक क्रय केंद्रों से धान की खरीद की गई है। सोमवार तक 4962313.13 मीट्रिक टन से अधिक की धान खरीद हो चुकी है। इसमें 690480.74 मीट्रिक टन हाइब्रिड धान और कॉमन धान 4271832.38 मीट्रिक टन की खरीद हुई। यूपी के 7,37,629 किसान लाभान्वित हो चुके हैं।





### म्यूजिक अवाड्र्स 2024 के सुर और ताल के संगम में डूबा पटना

## भोजपुरी अश्लीलता की नहीं, मेहनत की भाषा है : रवि शंकर प्रसाद

♦ **कबेस्ट सिंगर फिल्म खेसारीलाल यादव, गोल्डन वाइस ऑफ ईयर चुने गए पवन सिंह और स्वर भूषण अवार्ड कुमार सोनू व अलका याग्निक**

**केटी न्यूज/पटना**

फिल्मी भोजपुरी, श्याम स्टील और यशी फिल्म्स अभय सिन्हा के द्वारा पहली बार बिहार की धरती पर वर्ल्ड क्लास म्यूजिक अवार्ड शो फिल्मी म्यूजिक अवाड्र्स 2024का आयोजन हुआ। जिसकी शुरूआत भोजपुरी के मशहूर गायक, अभिनेता और सांसद मनोज तिवारी की आवाज में लोक संगीत से। उन्होंने अपनी आवाज से इस अवॉर्ड शो की धमाकेदार शुरूआत की। इसके बाद कुमार सानू और अलका याग्निक ने अपने गाने पर ऑडिटोरियम में मौजूद लोगों को नाइनटीज के गानों पर थिरकने को मजबूर कर दिया। तू मेरी आशिकी, तुझे देखा तो ये जाना सनम जैसे गानों की कुमार सानू ने लाइव प्रस्तुति दी। मौके पर कुमार सानू ने कहा कि 60 साल बाद पहला म्यूजिक अवार्ड आया। एक्साइटेड था। नए कलाकार का हौसला बढ़ाया। इसमें हमें ऊर्जा मिलती है। यह अवॉर्ड हमारे योगदान को याद दिलाता है। वहीं पटना साहिब के सांसद रवि शंकर प्रसाद ने इस अवॉर्ड शो के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी और कहा कि मुझे खुशी हुई है कि



भोजपुरी गीतों में जिनको अवार्ड दे रही है। भोजपुरी भाषा मेहनत का है। हाथ में रामायण हनुमान चालीसा थी। मॉरिसस गए और राष्ट्रपति बने। ये है भोजपुरी की ताकत। त्रिनिदाद टोबेगे के मंत्री के साथ घूम रहे हैं।

फिल्मी म्यूजिक अवार्ड सूची

बेस्ट सिंगर मेल फिल्म खेसारीलाल यादव (संघर्ष 2)

बेस्ट सिंगर फीमेल फिल्म प्रियंका सिंह ( माई द प्राइड ऑफ भोजपुरी)

बेस्ट म्यूजिक डायरेक्टर 2023 फिल्म रजनीश मिश्रा ( माई द प्राइड ऑफ भोजपुरी)

बेस्ट लिरिक्स राइटर 2023 फिल्म आशुतोष तिवारी (फिल्म आसरा)

बेस्ट डेब्यू सिंगर मेल फिल्म अमरजीत जयकार (विवाह ३)

बेस्ट डेब्यू सिंगर फीमेल संगीता कर्जना ( माई द प्राइड ऑफ भोजपुरी)

बेस्ट एल्बम सॉन्ग ऑफ द ईयर धानी हो सब धन बाटे आशी म्यूजिक को अवार्ड मिला।

# मुर्गी फार्म की आड़ में चल रहे शराब फैक्ट्री का पदार्फाश, छापेमारी में स्प्रिट व शराब की खेप जब्त

- धंधेबाज के पास से 47.7 लीटर शराब, 480 लीटर स्प्रिट एवं 12,000 खाली बोतल किया गया जब्त

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**



बिहार में शराबबंदी के बाद माफिया अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। किसी न किसी इलाके से शराब बरामद की जा रही है और शराब बनाने के काम का खुलासा किया जा रहा है। उत्पाद विभाग एवं पुलिस के द्वारा निरंतर इलाकों में छापेमारी कर इनके काले करतूत को उजागर किया जाता रहा है। इसी क्रम में ओबरा पुलिस ने मुर्गी फार्म की आड़ में चलाएं जा रहे करोबार के विरूद्ध पुलिस ने छापेमारी की हैं जिसमें पुलिस ने एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया है। इसके पास से 47.7 लीटर शराब, 480 लीटर स्प्रिट एवं 12,000 खाली बोतल जब्त किया गया है। पकड़ा गया धंधेबाज थाना क्षेत्र के रतवार मोड़ निवासी यशवंत यादव हैं। थानाध्यक्ष ने बताया कि सूचना के आधार पर कार्रवाई के फलस्वरूप नकली शराब बनाने की एक फैक्ट्री का उद्भेदन किया गया है जिसमें एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया गया है। इसके पास से रैपर, स्टिकर और शराब बनाने के उपकरण को भी जब्त किया गया है। संदर्भ मे कांड दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई के उपरांत धंधेबाज को जेल भेज दिया गया। पुलिस का कहना है कि शराब तस्करों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए समय-समय पर सर्च अभियान के साथ गुप्त सूचना के आधार पर भी कार्रवाई की जा रही है। सरकार की शराब बंदी नीती सफल बनाने का प्रयास है।

## फसल डूबने से किसानों को झेलनी पड़ेगी दोहरी मार



**औरंगाबाद ।** धान फसल के समय सुखाड की मार झेल रहे तेयाप पंचायत के महेश परासी, एडरी और हमीदनगर के किसानों को जल संसाधन विभाग की लापरवाही से दोहरी मार झेलनी पड़ गयी। हुआ यह कि बिना जरूरत के ही लोदीपुर कैनाल में पिछले पांच दिनों से पानी छोड़ दिया गया। देखते ही देखते पिछले चार दिनों से महेश परासी व हमीदनगर के दर्जनों किसानों के खेतों में लगी गेहूं, मसूर, चना समेत अन्य फसलें डूब गयी। आश्चर्य तो यह कि नहर का पानी चार दिनों से खेतों में बहता रहा और संबंधित अधिकारी को कानों में जू तक नहीं रेंगा। इस बाबत समाजसेवी डॉक्टर महेंद्र प्रसाद एवं भाजपा नेता रविंद्र शर्मा ने डूबे खेतों का निरीक्षण किया और इसकी सबसे पहले सूचना गोह के अंचल अधिकारी को सूचना दी तो उन्होंने अफसोस जताते हुए सिर्फ इतना ही कहा कि नहर विभाग के अधिकारियों का नंबर हमारे पास नहीं है। नहर विभाग के जूनियर इंजीनियर से बात हुई तो उन्होंने नहर बंद करने का भरोसा दिलाया। उन्होंने यह भी कहा कि एडरी के एक किसान की वजह से किसानों की फसलें डूबी हैं। अन्य किसान मदद करें तो नहरों का जगह-जगह पक्काकरण करें।

## खबरें फटाफट

### कार सवार ने मारी टक्कर, मौके पर मौत

**औरंगाबाद ।** नवीनगर प्रखंड के टंडवा थाना क्षेत्र के मनोहरी गांव में दरवाजे पर बैठे एक 60 वर्षीय वृद्ध को अनियंत्रित कार रौंद दिया जिससे मौके पर ही वृद्ध की मौत हो गई। मृतक वृद्ध की पहचान गांव के ही अर्जुन साव के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार अर्जुन साव अपने घर के दरवाजे पर सड़क किनारे बैठे हुए थे। इसी क्रम में एक अनियंत्रित चार पहिया वाहन ने वृद्ध को रौंद दिया। घटना के बाद चालक वाहन लेकर भागने का प्रयास किया, तब तक स्थानीय लोगों ने वाहन को जब्त कर लिया जबकि चालक मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना टंडवा थाना की पुलिस को दी गई जिसके अलोक में पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कराई तथा शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### अवैध बालू लदा दो ट्रैक्टर जब्त,

**औरंगाबाद ।** अवैध बालू लदा दो ट्रैक्टर अंबा थाना की पुलिस द्वारा जब्त किया गया है। साथ ही दोनों चालक को गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि एनएच -139 पर सूचना आधार पर अवैध बालू ले जा रहे दो ट्रैक्टर के साथ चालक पकड़े गए।

## भाई और भतीजे ने भूत-प्रेत का आरोप लगाते रामप्रवेश मांझी पर किया प्रहार

# लाठी डंडे से पीटकर भाई की हत्या

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

विज्ञान के बढ़ते कदम ने भले ही हमें चांद तक पहुंचा दिया है लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी जादू टोना एंव भूत प्रेत जैसे अंधविश्वास न केवल कायम है अपितु इसको लेकर खून खराबा ,मारपीट और हत्याएं होती रहती हैं। ऐसा ही एक मामला सोमवार को काको थाना क्षेत्र के छोटी काको स्थित मांझी टोला में घटित हुआ। जहां भाई और भतीजे ने ही मिलकर भूत-प्रेत का आरोप लगाते हुए 65 वर्षीय रामप्रवेश मांझी की टांगी से मारकर हत्या कर दी। घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। परिजनों के अनुसार मृतक रामप्रवेश मांझी पर बीती रात उसके भाई और भतीजे ने लकड़ी काटने वाली टांगी से हमला कर दिया जिसे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हालांकि उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए हमलावरों ने उसका स्थानीय तौर पर इलाज भी कराया। परंतु गंभीर रूप से घायल रामप्रवेश की मौत हो गई। ग्रामीण सूत्रों के अनुसार हत्या का कारण मृतक के भाई के बेटे को शादी के वर्षों बाद भी बच्चा नहीं होने के लिए रामप्रवेश मांझी को जिम्मेदार ठहराते हुए उस पर जादू टोना का आरोप लगा रहे थे। आरोपित का कहना था की रामप्रवेश मांझी के भूत प्रेत और जादू टोना कर दिए जाने के कारण उसकी बहू को बच्चा नहीं हो रहा है। इसी बात को लेकर अक्सर लड़ाई झगड़ा भी हुआ करता था।थानाध्यक्ष अजित कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि रात्रि में भूत-प्रेत और जादू टोना को लेकर रामप्रवेश मांझी को उसके अपने भाई और भतीजे ने मारपीट कर और टांगी से काटकर हत्या कर दी है।उन्होंने बताया कि मामले की जाँच कर की जा रही है। फिलहाल हत्या करने वाले तीनों आरोपित गांव से फरार हैं।



### छोटे भाई ने बड़े भाई को गोली मारकर की हत्या

**औरंगाबाद।** ताड़ पर चढ़ने के दौरान छोटे भाई ने बड़े भाई को पिसतौल से गोली मारकर हत्या कर दी जबकि उसकी पत्नी को गोली मारकर जख्मी कर दिया गया और मौके से फरार हो गया। मामला नरारी कलां थाना क्षेत्र के कंचनपुर गांव की हैं। जहां घरेलू विवाद में यह घटना घटित हुई। मृतक की पहचान उस गांव निवासी 32 वर्षीय दिपक चौधरी के रूप में की गई है। जबकि उसकी पत्नी संजू देवी जख्मी हों गई जिसे सदर अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। घटना का आरोपित नागेंद्र चौधरी हैं जिसकी पुलिस तलाश में जुट गई है। जानकारी के अनुसार मृतक पांच भाई हैं, यह अन्य भाईयों से अलग अपने बड़े चाचा के साथ रहता था। लेकिन घरेलू मामले में दोनों के बीच विवाद की स्थिति रहती थी, इसी क्रम में छोटे भाई ने बड़े भाई को गोली मारकर हत्या कर दी। घटना की सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष विरेंद्र कुमार सिंह मामले की तहकिकात में जुट गए। मामले में सदर एसडीपीओ मो. अमानुल्लाह खान ने बताया कि घरेलू विवाद घटना हुई है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत, परिजनों में पसरा मातम



**औरंगाबाद।** एनएच - 139 पर अंबा थाना क्षेत्र के संडा व विराज बिगहा गांव के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक 30 वर्षीय युवक की मौत हो गई। घटना सोमवार के अगले सुबह की बताई जा रही है। मृतक की पहचान कुटुंबा थाना क्षेत्र के सरडीहा खुर्द गांव निवासी रामविलास राम के पुत्र मनोज राम के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार मनोज रविवार की रात अपने गांव के ही रंजीत यादव के साथ घर से निकला था। दोनों ट्रैक्टर पर कुट्टी लेकर बेचने के लिए झारखंड के छतरपुर जा रहे थे, इस दौरान ट्रैक्टर रंजीत चल रहा था, जबकि मनोज ट्रैक्टर पर बैठा हुआ था। संडा एवं विराज बिगहा के समीप मनोज ने ट्रैक्टर को रुकवा कर शौच करने के लिए सड़क पार करने लगा , तभी झारखंड की तरफ से आ रही एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हों गया जिसे रंजीत इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया और इस घटना की सूचना परिजनों को दी।

## एक नजर

### धान की दवनी करने निकले युवक की आहर में डूबने से मौत



**आरा।** पीरो थाना क्षेत्र के लहरी तिवारी डीह गांव में रविवार की देर शाम आहर में डूबने से एक युवक की मौत हो गई।धान की दवनी करने गये युवक शौच करने जाने के दौरान आहर में गिर पड़ा। मृतक लहरी तिवारी डीह गांव निवासी फौजदार पासवान का 30 वर्षीय पुत्र धनजी पासवान था। उसके भतीजे मुन्ना पासवान ने बताया कि रविवार को वह गांव में ट्रैक्टर से धान की दवनी हो रही थी। उसमें वह धान झाड़ने गया था। उस दौरान वह शौच करने आहर की ओर चले गए। तभी वह आहर में गिर गया और डूब गया। उससे उनकी मौत हो गई। शाम में जब वह घर वापस नहीं लौटा, तो परिजनों द्वारा खोजबीन शुरू की गयी। उसी क्रम में उसका शव आहर आहर में पड़ा मिला। उसके बाद ग्रामीणों के सहयोग से शव को पानी से निकाला गया। सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। बताया जा रहा है कि युवक अपने दो भाई-बहन एक बहन में दूसरे स्थान पर था। उसके परिवार में मां बुधिया देवी,पत्नी रिंकी देवी, पुत्री मुटरी,भोली और पुत्र नीतीश है। घटना के बाद उसके घर में कोहराम मच गया है। मां बुधिया देवी और पत्नी रिंकी देवी सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### पुत्र ने जाली दस्तावेज दिखाकर बेची जमीन, प्राथमिकी दर्ज

**औरंगाबाद।** गोह में तीन वर्ष पहले पिता द्वारा बिक्री की गई भूमि को पुत्र के द्वारा जाली दस्तावेज दिखाकर उन्नीस जनवरी को बिक्री किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है पुलिस मामले की अनुसंधान में जुट गई है।थाना में दिए गए आवेदन में गोह निवासी स्व सुरेंद्र पांडे के पुत्र रंजीत कुमार पांडे ने कहा कि गोह निवासी स्व धनेश्वर दुबे के पुत्र बृज बंश दुबे से मेरी मां इंदु देवी ने तीन अप्रैल 2021 को जमीन की खरीद की थी।जिसका डिमांड मेरी मां के नाम पर अंचल कार्यालय में चल रहा है। आरोप है कि उसी जमीन को बृज बंश दुबे के पुत्र बीरेंद्र दुबे फर्जी मालगुजारी रसीद दिखाकर निबंधन कार्यालय दाउदनगर में सोची समझी साजिश के तहत उन्नीस जनवरी 2024 को गोह के पुनदौल निवासी उपेंद्र शर्मा की पत्नी रूबी देवी,उपहारा थानाक्षेत्र के एडरी गांव निवासी जय किशोर शर्मा के पुत्र राकेश शर्मा,महेश परासी गांव के माधव शर्मा के पुत्र बिजय शर्मा सहित कई लोगो को उसी जमीन को लिख दिया गया है। थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया कि रंजीत कुमार पांडेय के ब्यान पर कांड संख्या 22/24दर्ज किया गया है जिसमे गोह के रूबी देवी,एडरी गांव के राकेश शर्मा, महेश परासी के बिजय शर्मा,दाउदनगर के धेवही गांव के सूर्य नाथ सिंह,मेहन्दीया थाना के नाथ सरसा गांव के बिजय सिंह एव गोह निवासी उपेंद्र शर्मा को आरोपी बनाया गया है।मामले की अनुसंधान की जा रही है।

## शराब तस्करी के खिलाफ अभियान, कई लीटर जावा महुआ नष्ट

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**



मादक पदार्थों की खरीद फरोख्त के विरुद्ध कार्रवाई के फलस्वरूप जिले के दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों से कच्ची शराब की बड़ी खेप बरामद किया गया तथा कई क्विंटल जावा महुआ शराब यथा भट्ठियों को विनष्ट किया गया है। जबकि करोबारी मौके से फरार हो गए। संदर्भ में पुलिस अग्रिम कार्रवाई कर रही हैं। यह कार्रवाई सलैया एवं रफीगंज थाना की पुलिस द्वारा की गई जिसमें सलैया थाना की पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के पिरवा गांव के समीप चाल्हो पहाड़ पर छापामारी के दौरान करीब 10 क्विंटल जावा महुआ एवं 04 भट्ठी को विनष्ट किया गया।

साथ ही कुल- 150 लीटर देसी महुआ चुलाई शराब बरामद किया गया। संदर्भ में अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। वहीं रफीगंज थाना की पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत वन बिगहा डोसिला में छापामारी की गई जिसमें करीब 500 लीटर जावा महुआ एवं 40 क्विंटल जावा महुआ विनष्ट किया गया। साथ ही कुल- 200 लीटर देशी महुआ चुलाई शराब और शराब बनाने का उपकरण बरामद किया गया। संदर्भ में अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार गुप्त सूचना मिली की जमीन के अंदर छुपाकर भारी मात्रा में शराब की खेप रखी गई है। तत्काल टीम बनाकर छापेमारी की गई। हालांकि इस दौरान उम्मीद थी कि कुछ धंधेबाज पुलिस को परेशान कर सकते है। इसके लिए पूरी तैयारी रखी गई थी। परंतु किसी ने भी कोई विरोध नहीं किया। जिस कारण यह सर्च अभियान सफल रहा।

## जहानाबाद एसपी ने किया पदभार ग्रहण विधि व्यवस्था बनाए रखना प्राथमिकता



**जहानाबाद।** नए पुलिस कप्तान अरविंद प्रताप सिंह पदभार ग्रहण कर लिया। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि विधि व्यवस्था बनाए रखना सबसे पहले प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि पब्लिक और पुलिस मित्र पूर्वक संबंध बनाए रखना है। दोनों के सहयोग से ही जिले में शांति व्यवस्था कायम रखा जाएगा उन्होंने कहा कि कोई को किसी तरह की भी शिकायत अगर हो फोन के माध्यम से फेसबुक के माध्यम से ट्विटर के माध्यम से शिकायत दर्ज कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन जनता की शिकायत सुनेंगे और पहली प्राथमिकता होगी अपराध मुक्त एवं विधि व्यवस्था बनाए रखना अगर किसी तरह की घटना होती है। तो उसका तुरंत उद्भेदन किया जाएगा उन्होंने जिले वासियों से अपील किया कि किसी तरह की कोई सूचना मिलती है तो सूचित कर सकते हैं।

## फाइलेरिया से बचाने के लिए 10 फरवरी से सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम, तैयारी शुरू



**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम (सर्वजन दवा सेवन) से संबंधित बैठक का आयोजन अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी किशोर कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय के सभाकक्ष में किया गया। अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी के द्वारा फाइलेरिया के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा एवं इससे होने वाले बीमारी के लक्षण के बारे में बताया गया। उनके द्वारा यह भी बताया गया कि जिले में 10 फरवरी से सर्वजन दवा सेवन (एमडीए), आईडीए कार्यक्रम के अंतर्गत तीन दवा एल्बेंडाजोल, डायथाइल काबार्मेजिन (डीईसी) एवं आइवरमेक्टिन का वितरण कराया जाएगा। इसके साथ दवा की खुराक लेने के बारे में जैसे 2 वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं, असाध्य रोग ग्रसित लोगों एवं खाली पेट में फाइलेरिया की दवा नहीं लेने की सलाह दिया गया। उक्त बैठक में सभी प्रखंड के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, सभी प्रखंड के प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक एवं अन्य स्वास्थ्य अधिकारी उपस्थित रहे।






# जर्जर हुआ डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल का भवन, कभी भी हो सकता है हादसा

♦ करोड़ो की लागत से वर्ष 2008 में बना था 75 बेड वाला अस्पताल, अस्पताल का भवन कई जगहों पर हो चुका है जर्जर

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव का अनुमंडलीय अस्पताल खुद बीमार हो गया है। अस्पताल का भवन कई जगहों से जर्जर हो गया है। खासकर बाहरी दीवारों व छतों में दरारें आ गई है। जिस कारण यह अस्पताल कभी भी जमींदोज हो सकता है। पिछले कई वर्षों से अस्पताल का भवन जर्जर होते जा रहा है। बावजूद अस्पताल प्रबंधन इसके मरम्मत के प्रति गंभीर नहीं है। जिस कारण कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। बता दें कि वर्ष 2008 में इस अस्पताल का निर्माण करोड़ो रूपए की लागत से कराया गया था। अस्पताल में 75 बेड बनाए गए है। लेकिन एक बार निर्माण के बाद अस्पताल भवन का मरम्मत नहीं करवाया गया। जिस कारण अब यह अस्पताल जीर्ण शीर्ण हो गया है। जिय कारण हमेशा डर बना रहता है। बता दें कि डुमरांव का अनुमंडलीय अस्पताल अक्सर सुर्खियों में रहता है। कभी मरीजों का समुचित इलाज नहीं होने तो कभी डॉक्टरों की मनमानी को लेकर अस्पताल अक्सर विवादों से घिरा रहता है। हाल ही में डुमरांव विधायक डॉ अजीत




कुशवाहा ने भी यहां के सीएस पर कई गंभीर आरोप लगाने के साथ ही सीएस व डीडीसी के जांच रिपोर्ट पर सवाल भी उठाया है। वही अब अस्पताल के जर्जर भवन भी मुंह चिढ़ाने लगा है।

**कहते है सीएस**

छोटी मोटी मरम्मत को रोगी कल्याण समिति के पैसे से पूरा कराया जा सकता है। बड़े मरम्मत के लिए अस्पताल प्रबंधन को मांग करना पडेगा। अभी तक अनुमंडलीय अस्पताल प्रबंधन ने इसके मरम्मत कराने की मांग नहीं की है। मांग होने पर मरम्मत करवाया जाएगा। - डॉ. एससी सिन्हा, सीएस, बक्सर

## स्टेशन रोड़ में जलजमाव आम लोगों की बढ़ी परेशानी



डुमरांव। स्टेशन से लेकर मेन बाजार को जोड़ने वाली मुख्य सड़क पर पिछले छह माह से पानी लगा हुआ है। परंतु इसे दुरूस्त करने के लिए कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है। आलम यह है कि इस जलजमाव के कारण सड़क पर गड्ढे उभर आये है। जिससे में हर दिन बाइक सावर, ई रिक्सा चालक व ठेला चालक फंस जा रहे है। यहीं नहीं इस रोड़ से हर दिन कई वरीय पदाधिकारी भी गुजरते है। परंतु इसका समाधान करने का कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है। बल्कि उसे उसी हाल पर छोड़ दिया गया है। इस संबंध में वार्ड नंबर-18 के वार्ड प्रतिनिधि रितेश कुमार सिंह का कहना है कि इसकी मरम्मति का प्रयास किया जा रहा है।

## एक नजर

### मार्च को आयोजित होगा सामूहिक जनेउ संस्कार



**डुमरांव।** पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी रूद्र सागर सेवा संस्थान निःशुल्क व सामूहिक यज्ञोपवित संस्कार कराएगी। यह आयोजन 20 मार्च को नगर के पूर्वी छोर पर स्थित जंगलीनाथ शिव मंदिर परिसर में आयोजित होगा। जहां वैदिक विद्वान आचार्य विमलेश ओझा के नेतृत्व में 51 वैदिकों द्वारा एक साथ 108 बटुकों का जनेउ संस्कार कराया जाएगा। सोमवार को जंगलीनाथ मंदिर परिसर में संस्थान की एक अहम बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में सामूहिक जनेउ संस्कार की रूपरेखा बनाई गई। इस दौरान तय किया गया कि 20 मार्च को 108 बटुकों का सामूहिक जनेउ कराया जाएगा। यह आयोजन बिल्कुल निःशुल्क होगा तथा इसमें जनेउ धारण करने वाले प्रत्येक बटुक के साथ पांच लोगों को मुफ्त नाश्ता व भोजन भी कराया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता संयुक्त रूप से संस्थान के अध्यक्ष सह खरहाटांड पंचायत के पूर्व मुखिया तेजनारायण ओझा व सचिव रविशंक चौबे ने किया। बैठक में सदस्यों के बीच जिम्मेवारी बांटी गई। वही बताया कि गया कि 20 मार्च को जनेउ कराने के इच्छुक लोग आज से ही अपना पंजीयन करा सकते है। इसके लिए सदस्यों का नंबर भी सार्वजनिक किया गया। वही तय किया गया कि इसका व्यापक प्रचार प्रसार करवाया जाएगा। ताकी अधिक से अधिक लोग इसमें भाग ले सकें। बता दें कि पिछले वर्ष भी रूद्र सागर सेवा संस्थान द्वारा सामूहिक यज्ञोपवित संस्कार का आयोजन कर 108 बटुकों का जनेउ संस्कार करवाया गया था। वही संस्थान इस वर्ष भी यह आयोजन कर रही है। बैठक में संयोजक दीपक प्रकाश दूबे, मनन दूबे, शैलेन्द्र दूबे, राकेश पाठक, रविशंकर पाठक, पंडित विन्ध्याचल ओझा, पंडित राधेश्याम दूबे, राजनाथ मिश्र, रिंटू चौबे समेत कई अन्य सदस्य मौजूद थे।

### चौगाई गोलीबारी मामले में तीन नामजद व आठ-दस अज्ञात पर दर्ज हुआ एफआईआर

**चौगाई।** मुरार थाना क्षेत्र के चौगाईं गांव में रविवार की सुबह दहशत फैलाने के लिए की गई गोलीबारी मामले में एफआईआर दर्ज हो गया है। इस मामले में चौगाईं के नन्हें सिंह के बयान पर गांव के ही सोनू सिंह, बब्लू सिंह व गोल्डेन सिंह के अलावे 8-10 अज्ञात अपराधकर्मियों को आरोपित किया गया है। एफआईआर दर्ज होने के बाद पुलिस मामले की तफ्तीश व आरोपितों की गिरफ्तारी के प्रयास में जुट गई है। वही इस घटना को ले गांव में गुटीय तनाव चरम पर पहुंच गया है। लेकिन पुलिस स्थिति को नियंत्रित बताया है। बता दें कि रविवार को जमीन विवाद में चौगाईं गांव में एक पक्ष के भाड़े के गुंडो ने गांव में दहशत मचाने के लिए आठ-दस राउंड फायरिंग की थी। वही दूसरे पक्ष द्वारा भी ईंट पत्थर चलाया गया था। जिसमें कुछ लोगों को आंशिक चोटें भी आई थी। इस घटना को पुलिस ने काफी गंभीरता से लिया है। मुरार थानाध्यक्ष रविकांत प्रसाद ने बताया कि आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### तीन महीने की बच्ची की मौत मामले में एफआईआर

नावानगर। रविवार की शाम स्थानीय थाना क्षेत्र के महादेवगंज गांव बेलगाम टैज्क्टर के रौंदने से तीन माह की बच्ची की दर्दनाक मौत हो गई थी। इस मामले में मृतक नवजात के पिता केसठ गांव निवासी अरुण मुसहर ने सोमवार को ट्रैक्टर मालिक विनय कुमार सिंह पर नामजद प्राथमिकी दर्ज कराया है। दर्ज प्राथमिकी में मृतक नवजात के पिता ने बताया है कि सोई हुई नवजात को आरोपी के ट्रैक्टर ने कुचल दिया था। जिससे नवजात की मौत हो गई थी। इस संबंध में नावानगर थानाध्यक्ष राजीव रंजन राय ने बताया कि आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर आगे के करवाई के जा रही है।

# सरेशाम पेट्रोल पंप व्यवसायी को अपराधियों ने मारी गोली

♦ सूचना मिलते ही सदर अस्पताल पहुंचे एसपी, एक महीना पहले भी अपराधियों ने किया था जानलेवा हमला

**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर में बेखौफ अपराधियों ने एक पेट्रोल पंप संचालक को गोली मार जख्मी कर दिया है। गंभीर अवस्था में उनका इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। घटना सोमवार की शाम साढ़े छह बजे सात बजे की है। गोलीबारी में जख्मी पेट्रोल पंप संचालक देवदत्त उपाध्याय उर्फ बबुआ उपाध्याय 55 वर्ष की बाइपास रोड में पेट्रोल पंप है। एक महीना पहले भी इनके दरवाजे पर चढ़ अपराधियों ने जानलेवा हमला का प्रयास किया था। लेकिन तब अपराधियों की गोली मिस फायर होने से इनकी जान बच गई थी। मिली जानकारी के अनुसार वे पेट्रोल पंप से अपने घर आए ही थे कि पीछे से आए बाइक सवार अपराधियों ने उन्हें गोली मार दिया। गोली उनके पेट में लगी है। इसकी जानकारी मिलते ही एसपी मनीष कुमार सदर अस्पताल पहुंच मामले की जांच पड़ताल व अपराधियों के शिनाख्त में जुट गए है। वही सूत्रों की मानें तो एक बाइक पर सवार दो की संख्या में नकाबपोश अपराधियों ने इस



घटना को अंजाम दिया है। उन्हें गोली मारे जाने के बाद बक्सर के पेट्रोल पंप संचालकों तथा व्यवसायियों के अलावे सामाजिक सरोकार से जुड़े लोगों में गहरा आक्रोश है। पेट्रोल पंप एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष दीपक सिंह ने इस घटना पर गहरा आक्रोश जताते हुए पुलिस को 24 घंटे में अपराधियों को पकड़ने का अल्टीमेटम दिया है। उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं होने पर जिले के सभी पेट्रोल पंप बंद हो जाएंगे। वही स्थानीय वार्ड पार्षद चक्रवर्ती चौधरी ने पुलिस पर लापरवाही के आरोप लगाए है। उन्होंने कहा कि पूर्व में जब 22 दिसंबर की शाम अपराधियों ने उनपर जानलेवा हमला किया था तब पुलिस अपराधियों को पकड़ने के बजाए इसे लाइसेंस लेने का प्रोपगांडा बताया था। जिस कारण अपराधियों का दुस्साहस बढ़ा तथा अपराधी फिर से उनपर हमला कर दिए। वही बक्सर के व्यवसायियों ने भी हमलावारों को तुरंत गिरफ्तार करने की मांग की है। घटना की जानकारी मिलते ही सदर अस्पताल में सैकड़ो लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई थी।

**अजब संयोग, दोनों बार एक ही समय हुआ हमला**

बता दें कि पेट्रोल पंप संचालक पर इसके पहले 22 दिसंबर की शाम साढ़े छह बजे ही अपराधियों ने हमला किया था। तब उनका फायर मिश हो गया था और इन्हें घर के अंदर भागने का मौका मिल गया था तथा इन्होंने अपने लाइसेंसी हथियार से जबावी फायर किया तो अपराधी भाग खड़े हुए थे। वही इस बार भी अपराधियों ने ठीक उसी वक्त उनपर हमला किया है।

**पुलिस की कार्यशैली पर उठ रहे है सवाल**

बता दें कि पेट्रोल पंप संचालक का घर शहर के सोहनी पट्टी मोहल्ले में है। यह मोहल्ला शहर का रिहायशी इलाका है तथा काफी पुरानी बस्ती है। ऐसे में अपराधियों द्वारा सवा महीने के अंतराल पर दूसरी बार उनके घर पर जाकर हमला करने से पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे है। लोगों का कहना है कि यदि शहर के बीच जब सुरक्षा व्यवस्था का यह हाल है तो पॉश कॉलोनियों में सुरक्षा व्यवस्था का सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है।

**कहते है एसपी**

पेट्रोल पंप संचालक को अपराधियों ने गोली मार जख्मी किया है। मामले की जांच की जा रही है। अपराधियों को जल्दी पकड़ लिया जाएगा। - मनीष कुमार, एसपी, बक्सर

## कपूर्री ठाकुर का जन्म शताब्दी समारोह हुआ आयोजित



**केटी न्यूज/बक्सर**

सोमवार को बक्सर के कपूर्री ठाकुर छात्रावास में कपूर्री ठाकुर की 100 वी जयंति मनाई गई। यह आयोजन भारत रत्न जननायक कपूर्री ठाकुर स्मृति न्यास के तत्वावधान में आयोजित हुआ था। पूर्व मुख्यमंत्री कपूर्री ठाकुर की जन्म शताब्दी समारोह न्यास के अध्यक्ष बृजमोहन ठाकुर की अध्यक्षता में मनाई गई, जबकि कार्यक्रम का संचालन राम इकबाल ठाकुर ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ कपूर्री ठाकुर के तैल्यचित्र पर पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। अध्यक्षीय संबोधन के दौरान बृजमोहन ठाकुर ने स्व. कपूर्री ठाकुर को भारत रत्न देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया। वहीं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से बिहार के सभी 38 जिलों में संचालित जननायक कपूर्री ठाकुर अति पिछड़ा छात्रावास के प्रांगण में उनकी प्रतिमा स्थापित करने की पुरजोर मांग की गई। इसके साथ ही पूरे देश में कपूर्री ठाकुर फामूर्ला लागू करने की केंद्र सरकार से मांग भी किया। वरीय नेता दीनानाथ ठाकुर ने पूरे प्रदेश में अति पिछड़ा वर्ग के लिए अलग से थाना गठन करने की मांग की। उक्त समारोह में राजद जिला अध्यक्ष शेषनाथ सिंह, जदयू जिला अध्यक्ष अशोक सिंह, पूर्व प्रत्याशी अति पिछड़ा स्वाभिमान संघर्ष मोर्चा के संयोजक सरोज राजभर, रामजी ठाकुर, प्रदीप ठाकुर, राधेश्याम ठाकुर, वशिष्ठ ठाकुर, मनोज ठाकुर, कमलेश ठाकुर, धनपत चौधरी, डॉ विनोद ठाकुर, डॉ राजेश मिश्रा, धुरान ठाकुर, कृष्णावती देवी, सत्यनारायण राजभर, मोहन चौधरी, संजय सिंह, जितेंद्र ठाकुर, अशोक प्रजापति, राजकुमार ठाकुर, निर्मल कुशवाहा, महेंद्र प्रजापति, बलिराम कुशवाहा, जगदीश ठाकुर, हृदय नारायण ठाकुर, नरेंद्र कुमार समेत अन्य ने शताब्दी समारोह कार्यक्रम को संबोधित किया. इसके साथ ही काफी संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे।

## सोनवर्षा में माले कार्यकताओं ने निकाला जनसंकल्प पदयात्रा

**केटी न्यूज/नावानगर**

स्थानीय प्रखंड के सोनवर्षा में सोमवार को माले कार्यकताओं ने जनसंकल्प पदयात्रा निकाला। पदयात्रा पार्टी के राज्यव्यापी आह्वान पर संविधान बचाओ, लोकतंत्र बचाओ एवं जनता के साथ विश्वासघात का नीतीश कुमार जबाब दो की नारा लगा रहे थे। साथ ही माले कार्यकताओं ने 30 जनवरी को बक्सर चलने की आह्वान कर रहे थे। पदयात्रा में शामिल कार्यकर्ता-देश बचाने की लड़ाई में शामिल होने के लिए आम जनता से अपील कर रहे थे। पदयात्रा को संबोधित करते हुए पार्टी के नेता सह मुखिया प्रतिनिधि रामदेव सिंह ने कहा कि भाजपा राममंदिर हिन्दु राष्ट्र के बहाने नफरती हिंसा के वातावरण बनाने में जुटी है। उन्होंने कहा शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, बिजली, रसोई गैस सिलिंडर




जनता के पहुंच से बाहर होती जा रही है। देश में नौजवानों को रोजगार नही मिल रहा है, महंगी शिक्षा से गरीब के बच्चों को दूर किया जा रहा है। भाजपा देश में नफरत फैलाकर लोगो को आपस में लड़ाना चाहती है, संविधान व लोकतंत्र के मूल्यों को भाजपा द्वारा धीरे धीरे खत्म किया जा रहा है। ऐसे में हम सभी लोग मिलकर संविधान व देश बचाने की लड़ाई को तेज करना होगा। वही बिहार के मुखिया जनता के साथ विश्वासघात करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। जिसका जबाब नीतीश कुमार को देना होगा।पदयात्रा में पार्टी के प्रखंड सचिव बीरेन्द्र सिंह, अलग नारायण चौधरी, रासबिहारी पासवान, सहित अन्य मौजूद थे।

## विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक बने अविनाश पांडेय

**केटी न्यूज/बक्सर**

पटना में आयोजित विद्यार्थी परिषद के प्रांतीय सम्मेलन में बक्सर के परिषद कार्यकर्ता अविनाश पाण्डेय को जिला संयोजक बनाया गया है। सोमवार को वे अधिवेशन से बक्सर लौटे। इस दौरान कार्यकताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर मंत्री अभिनंदन मिश्र ने किया। अपने संबोधन में जिला संयोजक बने अविनाश ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेवारी मिली है उसका बखूबी निर्वहन करूंगा तथा पूरे जिले के सभी कॉलेजों में रचनात्मक तरीके से संगठन को मजबूत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बक्सर के महाविद्यालयो में स्नातकोत्तर की पढ़ाई जल्द शुरू करवाने के लिए परिषद संघर्ष करेगी। उन्होंने कहा कि ठीक करेंगे तीन काम प्रवेश परीक्षा



और परिणाम के नारा के साथ चलने का काम करेंगे। वही नवमनोनित प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनिष सिंह ने कहा कि विद्यार्थी परिषद शुरू से ही छात्रहित के साथ साथ राष्ट्रहित में भी कार्य करते आ रही है और आगे भी यह कार्य जारी रहेगा। इसके लिए विद्यार्थी परिषद अपने स्थापना काल से ही छात्रो के बीच मौजूद रहती है। नगर मंत्री अभिनंदन मिश्र ने सभी नवनियुक्त कार्यकताओं को बधाई दी।

## विश्व एनटीडी दिवस आज, जिले में लोगों को वेक्टर जनित रोगों के प्रति किया जाएगा जागरूक

# एनटीडी रोगों से संक्रमित होने से आजीविका में भी अक्षम हो जाते हैं मरीज : डॉ. शैलेंद

**केटी न्यूज/बक्सर**

कालाजार और फाइलेरिया जैसी परजीवी रोगों समेत करीब 20 नेग्लेक्टेड ट्रॉपिकल डिजीज (एनटीडी) रोग मौजूद हैं। 30 जनवरी को विश्व एनटीडी दिवस के रूप में चिह्नित किया गया है। एनटीडी दिवस को मनाने का उद्देश्य यह है कि पूरी दुनिया के लोग एनटीडी के उन्मूलन के प्रति जागरूक हों व पूरी प्रतिबद्धता से इसे समाप्त करने की दिशा में कार्य करें। दुनिया में सबसे



ज्यादा हाशिए पर रहने वाले समुदायों के जीवन में कष्ट लाने वाली इन बीमारियों के प्रति जागरूकता फैलाने के रूप में यह दिन मनाया जाता है। साथ ही इन उपेक्षित उष्णकटिबंधीय बीमारियों को समाप्त करने के लिए वैश्विक समुदाय की प्रतिबद्धता को भी यह दिन उजागर करता है। इनमें अधिकतर लोग गरीब एवं संवेदनशील वर्ग से होते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार दुनिया में हर पांच में से एक व्यक्ति एनटीडी रोगों से पीड़ित है। विश्व में इन 11 बीमारियों का भारी बोझ भारत पर भी है। इन रोगों से रोगी में दुर्बलता तो आती ही है, कई स्थितियों में ये पीड़ित व्यक्ति की मौत का कारण भी बनती हैं। जीवन को प्रतिकूल रूप से प्रभावित करने वाले रोगों का एक समूह है एनटीडी अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. शैलेंद्र कुमार ने बताया कि एनटीडी जीवन को प्रतिकूल रूप से प्रभावित करने वाले रोगों का एक समूह है। जो अधिकतर सबसे गरीब, कमजोर आबादी को प्रभावित करता है। एनटीडी में हाथीपांव, कालाजार रोग शामिल होते हैं। इनकी रोकथाम संभव है। इसके बाद भी हर साल बहुत सारे लोग इन रोगों से प्रभावित हो जाते हैं।






# डीएम ने एसपी के साथ जिला कारागार का किया आकस्मिक निरीक्षण

♦ शासन द्वारा बंदियों को प्रदत्त समस्त सुविधाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने का दिया निर्देश

**केटी न्यूज/ मऊ**

जिला अधिकारी अरुण कुमार ने पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडे के साथ जिला कारागार का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान पुरुष एवं महिला बैरकों सहित रसोई घर का भी निरीक्षण डीएम ने किया। इसके अलावा डीएम व एसपी ने सीसीटीवी कंट्रोल रूम की संचालन व्यवस्था के साथ ही उनकी सक्रियता का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने बंदियों से कारागार में मिलने वाली सुविधाओं एवं उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी लेते हुए बंदियों को सरकार द्वारा दी जाने वाली समस्त सुविधाओ की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश कारागार अधीक्षक को दिए। उन्होंने कारागार अधीक्षक को मीन्यू के हिसाब से गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने,सीसीटीवी कैमरो की अनवरत सक्रियता रखने को कहा। वर्तमान में जिला कारागार में कुल 730 बंदी है, जिनमें 682 पुरुष,20 महिला एवं 28 किशोर बंदी शामिल है। सजायाफ्ता कैदियों में 337 पुरुष एवं 8 महिला



सम्मिलित हैं। शेष विचाराधीन बंदी हैं। जिला कारागार के निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडे के अलावा जिला कारागार से संबंधित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत 228 जोड़ों का हुआ विवाह संपन्न



**मऊ।** जिला समाज कल्याण अधिकारी अनुज कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत जनपद-मऊ में पब्लिक महिला शहर डिग्री कालेज, बरामदपुर, मु०बाद गोहना, मऊ के प्रांगण में नोडल विकास खण्ड-परदहां द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि नुपूर अग्रवाल, रानू सिंह, तथा पूनम सरोज उपस्थित होकर नवदम्पति जोड़ों को आशीर्वाद दिया गया। उक्त कार्यक्रम में विकास खंड-रानीपुर के 51 विकास खण्ड-मु०बाद गोहना के 65, विकास खण्ड-बड़रांव के 43, विकास खंड दोहरीघाट के 56, विकास खंड फतेहपुर मंडाव के 05, विकास खंड परदहां के 02, विकास खंड कोपागंज के 01 तथा शहरी क्षेत्र के 05 जोड़े सम्मिलित हुए। इस प्रकार कुल 228 जोड़ों को योजना से लाभान्वित किया गया।

## एक नजर

### आरपीएफ डीडीयू, ने किया नाबालिक बच्ची को रेस्क्यू



**चंदौली।** डीडीयू रेल मंडल के सीनियर कमांडेंट जेथिन बी राज के निदेशानुसार तथा रेलवे सुरक्षा बल थाना दो के प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार रावत के कुशल नेतृत्व में आरपीएफ थाना डीडीयू के द्वारा नन्हे फरिश्ते अभियान के तहत जोर शोर कार्यवाही की जा रही है। सोमवार को उप निरीक्षक अमरजीत दास, सहायक उप निरीक्षक शिवशंकर सिंह यादव और महिला आरक्षी अल्लुबिली पार्वती के द्वारा डीडीयू स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या पांच, छह पर की जा रही गश्त के दौरान नंबर पांच प्लेटफार्म पर एक नाबालिक लड़की को अकेले घूमते हुए पाया गया। बल सदस्यों को शक होने पर बच्ची से प्रेमपूर्व पुछताछ किया तो करीब 16 वर्षीया बच्ची ने बताया कि वह मम्मी की दांट से नाराज हो कर घर से भाग आई है। उक्त नाबालिक लड़की को उसके स्वेच्छा से प्रेमपूर्वक आरपीएफ थाना डीडीयू लाकर चाइल्डलाइन, डीडीयू को साथ लेकर उसका काउंसलिंग किया गया और बक्सर के मिलिकिया निवासी उक्त नाबालिक लड़की को उसके परिजन तक सही सलामत व सुरक्षित पहुंचाने के लिए रेलवे चाइल्ड लाइन डीडीयू को सुपुर्द किया गया।

### बलिया के रहने वाले सिपाही की सड़क हादसे में मौत

बलिया। उत्तर प्रदेश के कौशाम्बी सरायअकिल के पटेल चौराहा पर सोमवार को भोर में बोलेरो से बकरा चोरी कर भाग रहे बदमाशों ने बलिया के रहने वाले सिपाही को जोरदार धक्का मार दिया। इसमें उनकी मौत हो गई। सिपाही की मौत की सूचना परिजनों को मिलते ही घर में कोहराम मच गया। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बलिया के बेल्थरारोड के रहने वाले थे अवनीशबलिया के उभांव थाना क्षेत्र के बेल्थरारोड निवासी अवनीश कुमार दुबे (26) की मौत से गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। 2018 बैच के सिपाही अवनीश कुमार दुबे की तैनाती सरायअकिल के तिल्हापुर चौकी में थी।.और तीन बकरा चोरी कर भाग रहे थे बदमाशइलाके के पुरखास गांव के मजरा बजहा निवासी धीरेंद्र सिंह के घर से तीन बकरा चोरी कर चोर बोलेरो से भाग रहे थे। इसकी सूचना पीड़ित धीरेंद्र ने डायल 112 पर दी। सिपाहियों ने मामले से तिल्हापुर चौकी को अवगत कराया। सिपाही अवनीश कुमार दुबे और अभिषेक गुप्ता पुरखास चौराहे पर गश्त पर थे। सूचना मिलने के बाद दोनों सिपाहियों ने बोलेरो में बकरा लेकर भाग रहे बदमाशों का बाइक से पीछा किया। सकी जानकारी प्रभारी निरीक्षक विनीत कुमार सिंह ने भी दी।

### चोरी की मोटरसाइकिलें व स्कूटी बरामद दो गिरफ्तार

चंदौली। पुलिस अधीक्षक चंदौली डॉ अनिल कुमार के निदेशानुसार, अपर पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह एवं प्रभारी क्षेत्राधिकार पीडीडीयू नगर के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक मुगलसराय विजय बहादुर सिंह के नेतृत्व में मुगलसराय कोतवाली पुलिस टीम द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में चोरी के चार मोटरसाइकिल वह एक स्कूटी को मुखबिर की सूचना पर इंडियन इंस्टीट्यूट तिराहा के पास से बरामद किया।वहीं पुलिस ने दो लोगों को भी मौके से गिरफ्तार किया पकड़े गए लोगों में बालकरण चौहान वह बृजेश सिंह चौहान बताए जाते हैं जिनपर पुलिस संबंधित धारा लगाते हुए अग्रिम कार्रवाई करने में जुट गई।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक मुगलसराय विजय बहादुर सिंह,उप निरीक्षक हेमंत कुमार यादव चौकी प्रभारी रेलवे कॉलोनी थाना मुगलसराय,उप निरीक्षक हरिकेश चौकी प्रभारी कस्बा थाना मुगलसराय सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

### मोटर पाट्र्स की दुकान का ताला तोड़ कर चोरी

**चंदौली।** मुगलसराय कोतवाली के जलीलपुर चौकी क्षेत्र के पड़ाव मुगलसराय मार्ग पर बीती रात हौसला बुलंद चोरों ने डाँडी ताल में एक मोटर पाट्र्स की दुकान का शटर का ताला चटका कर दुकान में रखे नगदी सहित हजारो रुपये मूल्य का समान चोरी कर लिया। सोमवार की सुबह गार्ड दुकान की साफ सफाई करने गया तो शटर खुला देख अवाक रह गया। इसकी जानकारी दुकान मालिक को दिया। दुकान मालिक दुकान पर पहुँच चोरी की सूचना जलीलपुर पुलिस को दिया। सूचना पाकर जलीलपुर चौकी इंचार्ज मौके पर पहुँच चोरी के सबंध में पूछताछ कर दुकान मालिक के लिखित तहरीर के आधार पर जांच में जुट गए। बताया जाता है कि मढिया गांव निवासी पुनीत मिश्रा की पड़ाव मुगलसराय मार्ग पर डांडी ताल में पुनीत मोटर पाट्र्स की दुकान व कारखाना है।

## खबरें फटाफट

### महिला सिपाही से मारपीट, मां-बेटी गिरफ्तार

**बलिया।** रसड़ा कोतवाली परिसर स्थित महिला हेल्प डेस्क में महिला सिपाही के साथ उलझी मां-बेटी को गिरफ्तार कर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में पाबंद कर चालान कर दिया। पुलिस ने यह कार्रवाई महिला सिपाही सुष्मा की तहरीर पर की है। पहाड़पुर निवासी माया यादव अपनी बेटी शिवानी के साथ उनके यहां पूर्व में घटित चोरी की घटना के पदार्फाश करने से संबंधित जानकारी लेने के लिए महिला हेल्प डेस्क पर पहुंची थी।इसी बीच महिला सिपाही सुषमा से बात-बात में ही मां-बेटी उलझ गई। दोनों ने महिला सिपाही से मारपीट कर दी।

### रेडक्रास सोसायटी के चेयरमैन बने अजय सिंह

**चंदौली।** जिले में पहली बार रेडक्रास सोसायटी का गठन हुआ हैं। संगठन के गठन के बाद सोमवार को पदाधिकारियों की बैठक नरसिंहपुर गांव के समीप कैंप कार्यालय में हुई। इसमें पदाधिकारियों ने आपातकाल में लोगों की मदद तथा सामाजिक कार्यो में हिस्सेदारी का संकल्प लिया। साथ ही जरूरमंदों के सहयोग के प्रति सक्रियता दिखाने के लिए प्रतिबद्धता जाताई।
बताते हैं कि रेडक्रास सोसायटी का अध्यक्ष डीएम व सीएमओ को उपाध्यक्ष नामित किया जाता हैं। इसके अलावा अजय सिंह को चेयरमैन, ब्लाक प्रमुख महेंद्र सिंह को वाइस चेयरमैन, डा. शिव कुमार यादव को सचिव, डा. आरके शर्मा को कोषाध्यक्ष तथा आपदा प्रबंधन के लिए ब्लाक प्रमुख अवधेश सिंह को निर्विरोध चुना गया हैं। चेयरमैन अजय कुमार सिंह ने बताया कि रेडक्रास सोसायटी विश्व स्तर पर बहुत बड़ा संगठन हैं। जो आपात समय में लोगों की मदद करता हैं। इसके अलावा संगठन के द्वारा सामाजिक कार्यो में बढ़ चढ़कर हिस्सेदारी ली जाती हैं। बताया कि फिरहाल में जिले में एक बहुत बड़े ब्लड बैंक की स्थापना कराना संगठन के लोगों की मुख्य मुद्दा हैं। इसके अलावा जगह-जगह कैंप करके लोगों से रक्तदान करने के लिए अपील किया जाएगा।

### डीएम को ज्ञापन सौंप लगाई गुहार

**बलिया।** डॉ दम्पति की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सोमवार को पीड़ित परिजनों के साथ ग्रामीणों ने डीएम कार्यालय पर धरना दिया और जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंप न्याय की गुहार लगाई। ज्ञापन में मृतका के पति देवेन्द्र वर्मा ने उल्लेख किया है कि विगत 23 जनवरी को मेरी पत्नी मुन्नी देवी जिला महिला अस्पताल के सामने स्थित हालिस्टिक क्योर हास्पिटल, बलिया से रहस्यमय तरीके से गायब हो गई। अस्पताल प्रशासन से दो दिन तक सीसीटीवी दिखाने को बोलने पर टाल-मटोल करते रहे। पुलिस में गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज कराने पर भी कोई ठोस कमद नहीं उठाया गया। 25 जनवरी की सुबह बाहरी लोगों से पता चला कि मेरी पत्नी का अस्पताल के लिफ्ट में शव पड़ा है। हम सब परिजन आनन-फानन में अस्पताल पहुँचे। अस्पताल प्रशासन से कोई भी संतोषजनक जवाब नहीं मिला। इस मामले में तहरीर देने पर डा जितेन्द्र सिंह और डा शशिकला सिंह पर मुकदमा दर्ज किया गया।

सीओ ने गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम को ईनाम देने की घोषणा की

# हवाला के 40 लाख रुपये के साथ युवक गिरफ्तार

♦ हवाला कारोबारी को वाराणसी से आए इनकम टैक्स विभाग के हवाले कर दिया गया

**केटी न्यूज/ चंदौली**




राजकीय रेलवे पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल की संयुक्त टीम ने दिलदारनगर रेलवे स्टेशन से एक व्यक्ति को हवाला के चालीस लाख रुपये नकद के साथ पकड़ा है। रुपये और हवाला कारोबारी को वाराणसी से आए इनकम टैक्स विभाग के हवाले कर दिया गया है। आगे की कार्रवाई इनकम टैक्स विभाग करेगी। सोमवार को पीडीडीयू जीआरपी ने सीओ रेलवे कुंअर प्रभात सिंह ने वार्ता के दौरान पूरे मामले की जानकारी दी। सीओ कुंअर प्रभात सिंह ने बताया कि माघ मेला के दौरान स्टेशन और ट्रेनों में होने वाली भीड़ को संभालने के लिए रेलवे स्टेशनों पर लगातार गश्त किया जा रहा है। इसी क्रम में जीआरपी निरीक्षक सुरेश कुमारसिंह और आरपीएफ दिलदारनगर के निरीक्षक बाल गंगाधर के नेतृत्व में दिलदारनगर चौकी के प्रभारी रावेन्द्र कुमार मिश्र और आरपीएफ की टीम संयुक्त रूप से संदिग्धों की तलाश कर रही थी। इसी बीच रविवार की देर शाम स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या एक पर पिट्ठू बैग लिए व्यक्ति संदिग्ध हाल में टहलता दिखा। उसे पकड़ कर बैग की तलाशी ली गई तो उसके पास से 40 लाख रुपये नकद बरामद हुए। पूछताछ करने पर व्यक्ति ने अपना नाम इंद्रचंद्र शर्मा निवासी तेजरासर बिकानेर हाल पता एग्जीविशन रोड गांधी मैदान के पास पटना बताया। वह रुपयों के संबंध में कोई कागतात नहीं दिखा सका। उसने बताया कि यह पैसा हवाला कारोबार का है। इसे दिलदारनगर से पटना ले जाना था। जीआरपी ने रुपये बरामद कर इसकी सूचना आयकर विभाग वाराणसी को दी। सोमवार को टीम के पीडीडीयू जीआरपी में आने पर रुपये और आरोपी को इनकम टैक्स विभाग के हवाले कर दिया गया है। सीओ कुंअर प्रभात सिंह ने रुपये बरामद करने वाली टीम को दस हजार रुपये पुरस्कार देने की घोषणा की है। सीओ ने बताया कि पुलिस मुस्तैदी से ऐसे लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई करने की तैयारी में है।

## तंत्र-मंत्र के नाम पर ठग तांत्रिक नगदी व गहने लेकर फरार



**गाजीपुर।** तंत्र-मंत्र के नाम पर ठग तांत्रिक ने पीड़ित व्यक्ति के बेटे की आत्मा की शांति के नाम पर चार लाख नकदी और 12 लाख रुपये के गहने लेकर फरार हो गया। सूचना के बाद पुलिस छानबीन में जुटी हुई है। नंदगंज थाने के मदनहीं गांव निवासी राजेश यादव ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया कि वर्ष 2005 की दुर्घटना में पुत्र अखिलेश यादव की मौत हो गई थी। दूर के रिश्तेदार ने बताया कि छावनी लाइन में एक बाहरी व्यक्ति दवाखाना का संचालन करता है। वह झाड़-फूंक और तंत्र विद्या का काम भी करता है। वह पुत्र के दुर्घटना में मौत का कारण और निवारण बता देगा। विश्वास करके जब दवाखाना पर पहुंचा तो वहां मौलाना ने अपना नाम उत्तराखंड प्रांत के हरिद्वार जनपद के सिविल लाइन थाना के सुभाषनगर निवासी इमरान बताया। वह शहर के सुजावलपुर मुहल्ले में किराए के मकान पर रहता था। कई बार बुलाकर तंत्र-मंत्र और झाड़-फूंक के नाम पर और गरीबों को खाना-खिलाने एवं चढ़ावा देने के नाम चार लाख नगदी ले लिया। साथ ही विश्वास में लेकर उसने कहा कि पैसा खर्च करने के बाद पुत्र की आत्मा को शांति मिल जाएगी। इस पर विश्वास करके उसे चार लाख नगदी और 12 लाख 76 हजार 300 रुपये का सोना मौलाना इमरान को दे दिया। उसने बताया कि तीन जनवरी को मदनहीं आकर तंत्र-मंत्र करेंगे। मौलाना को गांव ले जाने के लिए जब सुजावलपुर किराए के मकान पर पहुंचा तो वहां तालाबंद मिला। पूछताछ में पता चला कि वह दो जनवरी को ही सारा सामान लेकर फरार हो गया। इस संबंध में कोतवाल दीनदयाल पांडेय ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# निर्माणाधीन पुल से नीचे गिरी टूरिस्ट बस, 14 यात्री घायल



**केटी न्यूज/ मऊ**

जिले के कोपागंज थाना क्षेत्र के ग्राम सभा शहरोज स्थित फोरलेन रेवरीडीह डायवर्जन एक्सीडेंट प्वाइंट बन गया है। सोमवार की तड़के गोरखपुर से तेज गति से आ रही टूरिस्ट बस डायवर्जन संकेत न होने के कारण निर्माणाधीन पुल से नीचे गिर गई। जिससे बस में सवार 14 यात्री बुरी तरह घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए आनन-फानन जिला अस्पताल भेजा। कोपागंज थाना क्षेत्र के शहरोज स्थित रेवरीडीह मार्ग पर फोरलेन सड़क पर ओवरब्रिज का निर्माण हो रहा है। यहां कार्यदायी संस्था द्वारा कोई मार्ग डायवर्जन का संकेतक नहीं लगाया गया है। जिसके चलते आए दिन इस प्वाइंट पर दुर्घटना हो रही है। शनिवार की आधी रात पांच वाहनों के भिड़ंत के बाद सोमवार की तड़के सुबह गोरखपुर से मऊ की तरफ आ रही टूरिस्ट बस निर्माणाधीन पुल से नीचे गिर गई। मौके पर चीख- पुकार मच गई। आवाज सुन आसपास के लोगों ने यात्रियों को बस से निकालते हुए तत्काल पुलिस को जानकारी दी।

# डीएम ने किया अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व गड़वार ब्लॉक का औचक निरीक्षण

**केटी न्यूज/ बलिया**

जिलाधिकारी रवींद्र कुमार ने सोमवार को गड़वार ब्लॉक के अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और खंड विकास अधिकारी कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के फार्मासिस्ट और नर्स से स्वास्थ्य केंद्र संचालन व कार्यालय खंड विकास अधिकारी के एपीओ और वरिष्ठ सहायक से वहां से संचालित व्यवस्था के बारे में विस्तृत जानकारी ली। डीएम ने अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के निरीक्षण के दौरान उपस्थिति रजिस्टर चेक करने पर चार कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। इन सभी पर डीएम ने विभागीय कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने फार्मासिस्ट से स्वास्थ्य केंद्र में दवाओं, इंजेक्शन और फ्रिज की उपलब्धता के बारे में पूछा तो उसने बताया कि दवाओं की उपलब्धता है और जरूरी इंजेक्शन रखने के लिए



फ्रिज की व्यवस्था है। डीएम ने एएनएम नम्रता सिंह से डिलीवरी के बारे में पूछने पर उन्होंने बताया कि नॉर्मल डिलीवरी होती है सिजेरियन डिलीवरी नहीं होती है।कार्यालय खंड विकास अधिकारी, गड़वार के निरीक्षण के दौरान डीएम ने उपस्थिति रजिस्टर, ग्रांट रजिस्टर और मनरेगा रजिस्टर को चेक किया। उपस्थिति रजिस्टर चेक करने पर डीएम को खंड विकास अधिकारी अतुल राय बिना प्रार्थना पत्र के कार्यालय से गायब मिले। इसके अलावा कुछ और कर्मचारी भी मौके पर उपस्थित नहीं मिले, इस पर डीएम ने खंड विकास अधिकारी के पूरे महीने का और बाकी अनुपस्थित कर्मचारियों के एक दिन का वेतन रोकने का निर्देश दिया। डीएम ने जब ग्रांट रजिस्टर चेक किया तो पाया कि अंतिम प्रविष्टि और रजिस्टर मेंटेन सहित अन्य विसंगति है। इस पर डीएम ने वरिष्ठ सहायक पर विभागीय कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

गाजीपुर के बॉडी बिल्डिंग खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

# मिस्टर यूपी बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप में चार पदक गाजीपुर के नाम

**केटी न्यूज/ गाजीपुर**

सुल्तानपुर उत्तर प्रदेश में यूपी बीबीएफए द्वारा आयोजित मिस्टर यूपी बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप में गाजीपुर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चार पदक जीत लिए। गाजीपुर के बॉडी बिल्डर राहुल सोनकर 60 किलोग्राम भार वर्ग में सिल्वर मेडल, गौरव कुमार वर्मा 75 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक, पीर आजम अंसारी 65किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक, संदीप कुमार 85 किलोग्राम भार वर्ग में पांचवा स्थान प्राप्त कर गाजीपुर का गौरव बढ़ाया। टीम के वापस आगमन पर डिस्टिक बॉडी बिल्डिंग एंड फिटनेस ऐशो द्वारा





खिलाड़ियों के साथ-साथ टीम मैनेजर मनीष कुमार का भव्य स्वागत किया गया। स्वागत समारोह के अवसर पर ऐशो के मुख्य संरक्षक डा. राजकुमार चौबे, अध्यक्ष ऐनुल हक, उपाध्यक्ष पुनीत सिंघल, जॉइन्ट सेकेरेट्री अरविंद शर्मा (अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी पावरलिफ्टिंग), कोषाध्यक्ष अमित सैनी के साथ-साथ इखलाक खान, सदस्य समीर राय, नित्यानंद राय, सुरेश जी एवं आशीष उपस्थित थे। स्वागत समारोह का संचालन संस्था के जॉइन्ट सेकेरेट्री अरविंद शर्मा ने किया। सभी खिलाड़ियों का स्वागत संस्था के मुख्य संरक्षक डा. राजकुमार चौबे एवं अध्यक्ष ऐनुल हक ने किया। शेष पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों के उज्वल भविष्य की कामना की और आने वाले मिस्टर गाजीपुर प्रतियोगिता के लिए अपनी तैयारियों में लगने को कहा। वहीं दूसरी ओर प्रतियोगिता को लेकर युवाओं में उत्साह था। ठंड के मौसम में सभी सुबह से ही इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए उत्साहित थे। प्रतिभागियों ने अपना दमखम इस दौरान दिखाया।





